अनिवार्य प्रतिबंध

COVID-19 के फैलाव को धीमा करने और स्वास्थ्य प्रणाली की सुरक्षा करने के लिए एल्बर्टा में अनिवार्य जनस्वास्थ्य दिशा-निर्देश लागू हैं।

जनसमूह

इनडोर जनसमूह

सभी इनडोर सामाजिक जनसमूहों पर प्रतिबंध है।

- अकेले रहने वाले व्यक्ति और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ रहने वाले एकल माता या पिता इन प्रतिबंधों के दौरान मेल-मिलाप करने जाने के लिए दो लोगों का चयन कर सकते हैं।

आउटडोर जनसमूह

सभी आउटडोर जनसमूह अधिकतम 10 लोगों तक सीमित हैं और इनमें कोई भी इनडोर गतिविधि शामिल नहीं होनी चाहिए।

विवाह और अंतिम संस्कार

सभी विवाह और अंतिम संस्कार रिसेप्शनों के लिए निषेध है।

- विवाह समारोह अधिकतम 10 लोगों तक सीमित हैं।
- अंतिम संस्कार सेवाएँ अधिकतम 20 लोगों तक सीमित हैं।

उपासना स्थल

व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए सभी उपासना स्थल अग्नि कोड उपस्थिति के 15 प्रतिशत तक सीमित हैं।

- मास्क पहनना अनिवार्य है।
- किसी एक घर-परिवार के लोगों को हर समय दूसरे घर-परिवार के लोगों से दो मीटर की दूरी पर रहना चाहिए।

मास्क पहनना

सभी इनडोर सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और उपासना स्थलों में मास्क पहनना अनिवार्य हैं।

घर से काम करना

यदि कार्य-नियोक्ता प्रभावी ढंग से काम करने के लिए कर्मचारी की शारीरिक उपस्थिति को आवश्यक न बनाए, तो घर से काम करना अनिवार्य है।

व्यवसायों पर प्रतिबंध

मनोरंजन और मनबहलाव की सुविधाएँ

मनोरंजन और मनबहलाव की सुविधाओं को बंद रखना अनिवार्य है। इनके उदाहरणों में थिएटर, कैसिनों, नाइटक्लब और संग्रहालय शामिल हैं। पुस्तकालय बंद रहेंगे। सामुदायिक हॉलों, सम्मेलन केंद्रों और इनडोर मनोरंजन सुविधाओं (जैसे फिटनेस केंद्र, स्पा और एरिना) को वर्तमान में अनुमति-प्राप्त गतिविधियों के लिए खोला जा सकता है।

भोजन-संबंधी सेवाएँ

रेस्तरां, पब, बार, लाउंज और कैफे प्रतिबंधों के तहत टेकआउट, कर्बसाइड पिकअप, डिलीवरी और आउटडोर पेटियो में बैठकर भोजन करने के लिए खोले जा सकते हैं। इनडोर क्षेत्रों में व्यक्तिगत सेवा की अनुमति नहीं है।

रिटेल सेवाएँ

सभी रिटेल सेवाओं और शॉपिंग मॉलों को सेवार्थियों की सँख्या अग्नि कोड उपस्थिति के 15% प्रतिशत तक कम करनी होगी, जिसमें कर्मचारी शामिल नहीं हैं।

स्वास्थ्य और व्यावसायिक सेवाएँ

स्वास्थ्य और व्यावसायिक सेवाएँ केवल एक-के-साथ-एक सेवाओं के लिए एपॉइंटमेंट देकर ही खोली जा सकती हैं। जनस्वास्थ्य और संबंधित उद्यम-क्षेत्र के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। इनके उदाहरणों में डेंटिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट, थेरेपिस्ट, एक्यूपंक्चरिस्ट, वकील और एकाउंटेंट शामिल हैं।

व्यक्तिगत और कुशलता सेवाएँ

व्यक्तिगत और कुशलता सेवाएँ केवल एक-के-साथ-एक सेवाओं के लिए एपॉइंटमेंट देकर ही खोली जा सकती हैं। जनस्वास्थ्य और संबंधित उद्यम-क्षेत्र के सभी दिशा-निर्देशों का

©2018 एल्बर्टा सरकार | प्रकाशित: अप्रैल 2021

Classification: Protected A

पालन किया जाना चाहिए। इनके उदाहरणों में बालों और नाखून के सैलून, एस्थेटिक सेवाएँ और मसाज थेरेपी शामिल हैं।

प्रदर्शन, खेल और शारीरिक गतिविधियाँ

सामूहिक प्रदर्शन कक्षाओं, टीमों में खेले जाने वाले खेलों और फिटनेस कक्षाओं के लिए निषेध है। प्रतिबंधों के तहत एक-के साथ-एक फिटनेस प्रशिक्षण की अनुमति है। प्रतिबंधों के तहत युवा और कॉलेज खेलों, मनोरंजन और प्रदर्शन गतिविधियों (अधिकतम 10 प्रतिभागियों) की अनुमति है।

©2018 एल्बर्टा सरकार | प्रकाशित: अप्रैल 2021

Classification: Protected A